# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**सत्र 2026—28 के लिए इण्टरमीडिएट कक्षा में बिहार राज्य के उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में ऑनलाईन नामांकन हेतु आवश्यक सूचना**

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी माध्यमिक विशेष एवं कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को राज्य के इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में OFSS के माध्यम से 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु दिनांक—29.05.2026 से 01.06.2026 तक ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा बिहार राज्य के मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी इंटरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में इंटरमीडिएट कक्षा में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि Online Facilitation System for Students (OFSS) सॉफ्टवेयर के माध्यम से इंटरमीडिएट कक्षा में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं अन्य केन्द्रीय/राज्य बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक अथवा समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का ऑनलाईन नामांकन की कार्रवाई की जा रही है। इस हेतु समिति द्वारा विज्ञप्ति संख्या— पी॰आर॰ 74/2026 के माध्यम से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों से दिनांक 08.04.2026 से 18.04.2026 तक एवं विज्ञप्ति संख्या— पी॰आर॰ 84/2026 के माध्यम से अवधि विस्तार करते हुए दिनांक 25.04.2026 तक ऑनलाईन आवेदन (CAF) आमंत्रित किया गया था, जिसे विज्ञप्ति संख्या— पी॰आर॰ 105/2026 के माध्यम से दिनांक 14.05.2026 से 18.05.2026 तक पुनः विस्तारित किया गया था, जिसे अंतिम रूप से **दिनांक 29.05.2026 से 01.06.2026 तक** विस्तारित किया जाता है।

2. इस संबंध में समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक विशेष एवं कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2026 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों के प्रधान को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक विशेष एवं कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2026 का **परीक्षाफल घोषित किया जा चुका है, अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के साथ—साथ समिति के वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, CBSE, ICSE एवं अन्य बोर्ड से 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी दिनांक 29.05.2026 से 01.06.2026 तक ऑनलाईन आवेदन करने का पुनः एक अवसर प्रदान किया जा रहा है।**

3. **अतएव इंटरमीडिएट में नामांकन के इच्छुक सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026—2028 के लिए OFSS वेबसाईट (https://ofssbihar.net) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि दिनांक— 01.06.2026 तक निर्धारित की गयी है। इस निर्धारित अवधि में सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन भरना सुनिश्चित करेंगें। दिनांक 01.06.2026 के बाद तिथि का विस्तार नहीं किया जाएगा।**

4. ऑनलाईन नामांकन के लिये बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा एक मोबाईल एप तैयार किया गया है, जो कि **Google Play Store** पर **OFSS Bihar Info** नाम से उपलब्ध है। इस एप का इस्तेमाल **Android Smart Phone** पर किया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन से संबंधित सूचनाओं एवं अन्य जानकारियों को प्राप्त कर सकते हैं।

5. सामान्य आवेदन प्रपत्र **Common Application Form (CAF)** भरने से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा समस्याओं के त्वरित निदान के लिये बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के **हेल्पलाईन नम्बर 0612—2230009/ 0612—2230051** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

6. OFSS के माध्यम से 11वीं कक्षा में नामांकन से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या— पी0आर0 74/2026, पी0आर0 84/2026 एवं पी0आर0 105/26 के शेष निदेश यथावत् रहेंगे।

**विज्ञप्ति संख्या— पी.आर. 121/2026**

**संयुक्त सचिव (OFSS)**